**भारत सरकार**
**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3720**
**उत्तर देने की तारीख : 12.08.2025**

**प्रधानमंत्री दक्षता और कुशलता संपन्न हितग्राही**

**3720. श्री नवसकनी के.:**
**श्री सी. एन. अन्नादुरई:**
**श्री जी. सेल्वम:**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री दक्षता और कुशलता संपन्न हितग्राही (पीएम-दक्ष) योजना के अंतर्गत तमिलनाडु में संचालित कौशल विकास और कौशल उन्नयन कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है और रोजगार या स्वरोजगार के संदर्भ में इनके क्या परिणाम रहे हैं;

(ख) तमिलनाडु में उक्त योजना के कार्यान्वयन के लिए कार्यरत प्रशिक्षण भागीदारों और संस्थानों का ब्यौरा क्या है और पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रमों का स्वरूप क्या है;

(ग) क्या सरकार ने तमिलनाडु में, विशेषकर ग्रामीण या पिछड़े जिलों में, इस उक्त योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण के लिए हाशिए पर रहने वाले युवाओं को संगठित करने में किसी चुनौती की पहचान की है और उनसे निपटने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या तमिलनाडु में प्रशिक्षण के बाद रोजगार सम्बद्धता या उद्यमिता के लिए वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने के लिए कोई पहल की गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार का तमिलनाडु में डिजिटल साक्षरता, ई-कॉमर्स, हरित रोजगार और स्वास्थ्य सेवा जैसे उभरते कौशल क्षेत्रों को शामिल करने के लिए तमिलनाडु में पीएम-दक्ष योजना के दायरे का विस्तार करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**
**(श्री बी.एल. वर्मा)**

**(क):** सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में तमिलनाडु राज्य राज्य सहित पूरे भारत में अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, वर्गों, विमुक्त जनजातियों, कूड़ा बीनने वालों सहित सफाई कर्मचारियों को कौशल प्रशिक्षण

प्रदान करने के लिए एक केंद्रीय क्षेत्र योजना, प्रधानमंत्री दक्षता और कुशलता संपन्न हितग्राही (पीएम-दक्ष) योजना शुरू की थी। तमिलनाडु में पीएम-दक्ष योजना के तहत कुल 5,320 लाभार्थियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, जिनमें से 2,663 लाभार्थियों को रोजगार मिला है।

**(ख):** तमिलनाडु में योजना के कार्यान्वयन से संबद्ध प्रशिक्षण साझेदारों और संस्थानों का विवरण तथा प्रस्तावित पाठ्यक्रमों का स्वरूप **संलग्नक-I** में संलग्न है।

**(ग):** पीएम-दक्ष योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण के लिए उम्मीदवारों को जुटाने के लिए निम्नलिखित उपाय किए गए:

(i) लक्षित समूहों के बीच पीएम-दक्ष योजना के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर समाचार पत्रों में स्थानीय भाषाओं में विज्ञापन जारी किए गए।

(ii) योजना के बारे में जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की गई।

(iii) पीएम-दक्ष योजना के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम (एसडीटीपी) को क्रियान्वित करने वाले प्रशिक्षण संस्थानों ने स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञापन भी जारी किए और घर-घर जाकर अभियान चलाकर इच्छुक उम्मीदवारों को एकत्रित किया।

इस प्रकार, पीएम-दक्ष योजना के तहत प्रशिक्षण के लिए लाभवंचित युवाओं को एकत्रित करने में कोई बड़ी चुनौती नहीं देखी गई।

**(घ):** पीएम-दक्ष योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार, अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत, प्रशिक्षण संस्थानों को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रशिक्षण पूरा करने के बाद कम से कम 70% उम्मीदवारों को वेतनभोगी रोज़गार या स्वरोज़गार के माध्यम से रोज़गार प्राप्त हो। यदि यह मानदंड पूरा नहीं होता है, तो प्रशिक्षण लागत की तीसरी किस्त (30%) रोक दी जाती है। तीनों निगम, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम (एनएसएफडीसी), राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम (एनबीसीएफडीसी) और राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम (एनएसकेएफडीसी), व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को करने के बाद रोज़गार और उद्यमिता के लिए परियोजना की तैयारी, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता के माध्यम से लक्षित समूह के पात्र युवाओं को अपनी परियोजनाएँ स्थापित करने में ऋण सुविधाएं और सहायता प्रदान करते हैं।

**(ङ):** सभी क्षेत्रों में राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) द्वारा अनुमोदित सभी राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) संरेखित पाठ्यक्रम कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किए गए हैं।

**संलग्नक-I**

**श्री नवसकनी के., श्री सी. एन. अन्नादुरई और श्री जी. सेल्वम द्वारा दिनांक 12.08.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3720 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक-I**

तमिलनाडु राज्य में 2020-21 से 2023-24 तक पीएम दक्ष योजना के अंतर्गत कार्यरत प्रशिक्षण भागीदारों और संस्थानों का विवरण निम्नानुसार है :-

**वित्तीय वर्ष 2020-21**

| क्र.सं. | प्रशिक्षण संस्थान | राज्य | पाठ्यक्रम |
|---|---|---|---|
| 1 | परिधान प्रशिक्षण एवं डिज़ाइन केंद्र (एटीडीसी) प्रथम चरण | तमिलनाडु | सिलाई मशीन ऑपरेटर |
| 2 | सीआईआई लॉजिस्टिक्स-प्रथम चरण | तमिलनाडु | वेयरहाउस पिकर |
| | | | वेयरहाउस पैकर |
| 3 | रसद क्षेत्र कौशल परिषद का पहला चरण | तमिलनाडु | वेयरहाउस पैकर |
| 4 | वस्त्र क्षेत्र कौशल परिषद (अग्रेनीत) | तमिलनाडु | रिंग फ़्रेम टेनर |
| | | | ऑटोकॉनर टेनर |
| 5 | कपड़ा क्षेत्र कौशल परिषद - पहला चरण | तमिलनाडु | बुनाई मशीन ऑपरेटर सरकुलर बुनाई |
| 6 | एनएफडीसी (अग्रेनीत) | तमिलनाडु | संपादक |
| | | | ग्राफ़िक डिज़ाइनर |
| 7 | अपोलो मेडस्किल्स लिमिटेड (प्रथम चरण) | | वृद्धावस्था सहायक (जेरिएट्रिक ऐड) |
| 8 | सीआईआई-आईएल | तमिलनाडु | वेयरहाउस एसोसिएट |
| 9 | डीबीएफ | तमिलनाडु | होम हेल्थ एड |
| 10 | एमएसएमई-आगरा | तमिलनाडु | फाउंड्री सहायक/ कास्टिंग सहायक |
| | | | गैस टंगस्टन/आर्क वेल्डिंग |
| | | | हथकरघा बुनकर (कालीन) |
| | | | मशीन ऑपरेटर सहायक-इंजेक्शन मोल्डिंग |

## वित्तीय वर्ष 2021-22

| क्र.सं. | प्रशिक्षण संस्थान | राज्य | पाठ्यक्रम |
|---|---|---|---|
| 1 | एटीडीसी | तमिलनाडु | क्यूसी कार्यकारी |
| 2 | एटीडीसी | तमिलनाडु | स्व-नियोजित दर्जी |
| 3 | एटीडीसी | तमिलनाडु | क्यूसी कार्यकारी |
| 4 | एटीडीसी | तमिलनाडु | स्व-नियोजित दर्जी |
| 5 | एटीडीसी | तमिलनाडु | विशेष सिलाई मशीन ऑपरेटर |
| 6 | सीआईआई लॉजिस्टिक्स | तमिलनाडु | कूरियर सहयोगी |
| 7 | सीआईआई लॉजिस्टिक्स | तमिलनाडु | दस्तावेज़ीकरण सहायक |
| 8 | सीआईआई लॉजिस्टिक्स | तमिलनाडु | इन्वेंट्री क्लर्क |
| 9 | सीआईआई लॉजिस्टिक्स | तमिलनाडु | दस्तावेज़ीकरण सहायक |
| 10 | सीआईआई लॉजिस्टिक्स | तमिलनाडु | इन्वेंट्री क्लर्क |
| 11 | सीआईआई लॉजिस्टिक्स | तमिलनाडु | वेयरहाउस एसोसिएट |
| 12 | सीआईपीईटी | तमिलनाडु | मशीन ऑपरेटर - प्लास्टिक प्रसंस्करण |
| 13 | सीआईपीईटी | तमिलनाडु | मशीन ऑपरेटर - प्लास्टिक प्रसंस्करण |
| 14 | सीआईपीईटी | तमिलनाडु | मशीन ऑपरेटर सहायक - इंजेक्शन मोल्डिंग |
| 15 | एनआईईएसबीयूडी | तमिलनाडु | उद्यमिता विकास कार्यक्रम |
| 16 | पीपीडीसी - आगरा | तमिलनाडु | ऑटो कैड डिज़ाइनर |
| 17 | पीपीडीसी - आगरा | तमिलनाडु | वस्तु एवं सेवा कर |
| 18 | एटीडीसी | तमिलनाडु | विशेष सिलाई मशीन ऑपरेटर |
| 19 | सीआईआई लॉजिस्टिक्स | तमिलनाडु | दस्तावेज़ीकरण सहायक |
| | | तमिलनाडु | इन्वेंट्री क्लर्क |
| 20 | सीआईपीईटी | तमिलनाडु | मशीन ऑपरेटर - इंजेक्शन मोल्डिंग |
| 21 | डीबीएफ | तमिलनाडु | गृह स्वास्थ्य सहायक |
| 22 | एनआईईएसबीयूडी | तमिलनाडु | ईडीपी |
| | | | स्व-नियोजित दर्जी |

## वित्तीय वर्ष 2022-23

| क्र. सं. | प्रशिक्षण संस्थान | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पाठ्यक्रम |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्रीन जॉब्स | तमिलनाडु | सफ़ाई कर्मचारी |
| 2 | ग्रीन जॉब्स | तमिलनाडु | सफ़ाई कर्मचारी |
| 3 | ग्रीन जॉब्स | तमिलनाडु | सफ़ाई कर्मचारी |
| 4 | अपोलो मेडस्किल्स | तमिलनाडु | सामान्य ड्यूटी सहायक संस्करण 2 |
| 5 | एटीडीसी | तमिलनाडु | स्व-रोज़गार दर्जी संस्करण 2 |
| 6 | एटीडीसी | तमिलनाडु | स्व-नियोजित दर्जी संस्करण 2 |
| 7 | एटीडीसी | तमिलनाडु | उत्पादन पर्यवेक्षक सिलाई संस्करण 2 |
| 8 | सीआईआई लॉजिस्टिक्स | तमिलनाडु | माल बुकिंग सहायक |
| 9 | एनआईईएसबीयूडी | तमिलनाडु | उद्यमिता विकास कार्यक्रम |
| 10 | एनआईईएसबीयूडी | तमिलनाडु | स्व-नियोजित दर्जी - कौशल उन्नयन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | एनआईईएसबीयूडी | तमिलनाडु | उद्यमिता विकास कार्यक्रम |
| 12 | एनआईईएसबीयूडी | तमिलनाडु | वेल्डिंग सहायक - कौशल उन्नयन |
| 13 | एटीडीसी | तमिलनाडु | स्व-नियोजित दर्जी (विधि-2) |
| | | | सिलाई मशीन ऑपरेटर (विधि-2) |
| 14 | एनआईईएसबीयूडी | तमिलनाडु | स्व-नियोजित दर्जी (विधि-2) |

**वित्तीय वर्ष 2023-24**

| क्र.सं. | प्रशिक्षण संस्था | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पाठ्यक्रम |
|---|---|---|---|
| 1 | अरुथल फाउंडेशन | तमिलनाडु | फ़िनिशर और पैकर |
| 2 | अरुथल फाउंडेशन | तमिलनाडु | स्व-नियोजित दर्जी |
| 3 | अरुथल फाउंडेशन | तमिलनाडु | स्व-नियोजित दर्जी |
| 4 | सन एजुकेशन एंड चैरिटेबल ट्रस्ट | तमिलनाडु | दूरसंचार ग्राहक सेवा कार्यकारी - |
| 5 | परिधान प्रशिक्षण एवं डिज़ाइन केंद्र | तमिलनाडु | कॉल सेंटर दूरभाष/Q0100 |
| 6 | परिधान प्रशिक्षण एवं डिज़ाइन केंद्र | तमिलनाडु | सिलाई मशीन ऑपरेटर |
| 7 | परिधान प्रशिक्षण एवं डिज़ाइन केंद्र | तमिलनाडु | स्व-नियोजित दर्जी |
| 8 | परिधान प्रशिक्षण एवं डिज़ाइन केंद्र | तमिलनाडु | फ़ैशन डिज़ाइनर |
| 9 | परिधान प्रशिक्षण एवं डिज़ाइन केंद्र | तमिलनाडु | स्व-नियोजित दर्जी |
| 10 | परिधान प्रशिक्षण एवं डिज़ाइन केंद्र | तमिलनाडु | उत्पादन पर्यवेक्षक सिलाई |
| 11 | मा फोई स्ट्रैटेजिक कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड | तमिलनाडु | क्षेत्र तकनीशियन अन्य घरेलू उपकरण |
| 12 | मा फोई स्ट्रैटेजिक कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड | तमिलनाडु | व्यापारी - फ़ैशन, मेड-अप और घरेलू साज-सज्जा |
| 13 | मा फोई स्ट्रैटेजिक कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड | तमिलनाडु | फील्ड तकनीशियन अन्य घरेलू उपकरण |
| 14 | मा फोई स्ट्रैटेजिक कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड | तमिलनाडु | व्यापारी - फ़ैशन, मेड-अप और घरेलू साज-सज्जा |
| 15 | आरुथल फाउंडेशन | तमिलनाडु | फ़िनिशर और पैकर (V.3) |
| | | | सामान्य ड्यूटी सहायक - एडवांस (V.2) |
| | | | सैंपलिंग टेलर (V.2) |
| | | | स्व-नियोजित टेलर (V-3) |
| 16 | परिधान प्रशिक्षण एवं डिजाइन केंद्र (एडीसी) | तमिलनाडु | उत्पादन पर्यवेक्षक सिलाई (V.2) |
| | | | सिलाई मशीन ऑपरेटर (V.3) |
| 17 | आईईडी लखनऊ | तमिलनाडु | स्व-नियोजित दर्जी (V-3) |
| 18 | मा फोई स्ट्रैटेजिक कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड | तमिलनाडु | फील्ड तकनीशियन एवं अन्य घरेलू उपकरण (V.3) |
| | | | व्यापारी - फ़ैशन, मेड-अप्स एवं घरेलू साज-सज्जा (V.2) |
| 19 | पीएसआर स्किल डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड | तमिलनाडु | सिलाई मशीन ऑपरेटर (V.3) |
| 20 | सन एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट | तमिलनाडु | सहायक डिज़ाइनर - फ़ैशन, घर और मेड-अप्स (V.2) |
| | | | प्लम्बर - सामान्य (V.4) |

*****